खबर संक्षेप

## आईटीआई चले अभियान एवं प्रवेश उत्सव आज तक

**सतना।** जिले के समस्त शासकीय आईटीआई में प्रवेश 2025 के लिए 1 मई से पंजीयन विभागीय पोर्टल के माध्यम से प्रारंभ किया गया है। आईटीआई में प्रवेश के लिए 1 मई से 16 जून तक पंजीयन एवं च्वाईस फिलिंग/त्रुटि सुधार विभागीय पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने जिले के समस्त शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए अधिक से अधिक पंजीयन किये जाने एवं आईटीआई में प्रवेश के लिए प्रचार-प्रसार हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आपके अधीनस्थ समस्त संस्थानों एवं कार्यालयों,ग्राम पंचायतों,नगर परिषद,नगर पालिका,आंगनवाडियों, हल्का पटवारियों को आईटीआई में प्रवेश की जानकारी जनसामान्य तक पहुंचायें। आईटीआई में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को एमपी आनलाइन केन्द्र में कक्षा 8वीं,10वीं की अंकसूची,समग्र आईडी,आधार कार्ड,निवास प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण,आय प्रमाण पत्र,बैंक पासबुक,संबल कार्ड,पासपोर्ट साइज फोटो, विशेष श्रेणी विकलांग,एनसीसी,सैनिक प्रमाण पत्र ले जा सकते हैं। पंजीयन उपरांत व्यवसाय ट्रेड की वरीयता हेतु उस ट्रेड को रखे जो प्रवेश के लिए चाही गई हो। आईटीआई सतना के लिए इलेक्ट्रीशियन, फिटर,टर्नर,मशीनिष्ट,बेल्डर,मैकेनिक डीजल इंजन, इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक,बुड वर्क टेक्नीशियन, मैकेनिक ट्रेक्टर,मैकेनिक मोटर व्हीकल,कोपा,कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड नेटवर्क मेंटनेश,फैशन डिजाइनिंग एण्ड टेक्नोलॉजी तथा सोलर टेक्नीशियन के ट्रेड में अभ्यर्थी स्वेच्छा अनुसार प्रवेश पा सकते हैं।

## कलेक्ट्रेट में टास्क फोर्स की बैठक होगी

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में सोमवार 16 जून को टास्क फोर्स बैठक का आयोजन किया जायेगा। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में टीएल बैठक के पश्चात आयोजित होगी। बैठक में वन एवं वन्यप्राणी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं विभिन्न विषयों पर कार्यवाही के संबंध में चर्चा की जायेगी। बैठक में वनमंडल अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ, सभी अनुविभागीय अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन यंत्री जल निगम, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण सेवा यांत्रिकी, कार्यपालन यंत्री प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना एवं जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## एसडीएम ने अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

**कटनी।** एसडीएम कटनी एवं कृषि उपज मंडी के भार साधक अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा ने फर्म सेठ ट्रेडिंग कम्पनी प्रोप्राइटर नितिन कुमार गुप्ता पिता प्रेम कुमार गुप्ता को फल सब्जी अढातिया की पूर्व में जारी अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसडीएम श्री मिश्रा ने बताया कि इस जारी अनुज्ञप्ति को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित होकर लायन आर्डर की परिस्थितियां निर्मित होने की वजह से अनुज्ञप्ति निलंबित कर दी गई है। भार साधक अधिकारी श्री मिश्रा ने कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 33 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आगामी आदेश तक फर्म की अनुज्ञप्ति निलम्बित कर दिया है।

## लाड़ली बहनों के खातों में राशि का अंतरण आज

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 16 जून को जबलपुर जिले के बरगी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना में हितग्राहियों के खातों में जून माह की राशि अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की जून माह की किस्त 1551 करोड़ 44 लाख रूपये अंतरित करेंगे।

# नारायण तालाब मुक्तिधाम के सेवादार पर वसूली और अनैतिक कार्य में लिप्त होने का आरोप, प्रशासन ने हटाया

सतना।

यहां के नारायण तालाब स्थित मुक्ति धाम में सेवा का कार्य करने वाले व्यक्ति पर अवैध वसूली और अनैतिक गतिविधियों में लिप्त होने का गंभीर आरोप लगा है। रविवार को सिंधु विकास सेवा समिति के सदस्यों ने थाने पहुंचकर पुलिस से उसकी शिकायत की और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सेवादार को मुक्ति धाम से बेदखल करने की मांग की गई। इसके बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे जहां पर सेवादार एक मिट्टी का क्रिया कर्म कर रहा था। तत्काल उसे बुलाया गया और प्रशासन द्वारा उसका नाम गांव पूछे जाने तथा उस पर लगे आरोप के बारे में चर्चा की गई। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने उसे निर्देशित किया कि वह तत्काल मुक्तिधाम से अपना ठिकाना हटा ले। लेकिन जब उसने अपना ठिकाना बदलने में आनाकानी की तो बलपूर्वक उसके सामान को सरकारी आवास से हटाकर एक वाहन में रख दिया गया और उसे कुछ राशि देकर यहां से हटा दिया गया। सेवादार की पत्नी और उसके दो बच्चे भी हैं।









### उस पर क्या आरोप लगे हैं

सिंधु विकास सेवा समिति के सदस्यों ने मौके पर मौजूद प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को बताया कि सेवादार की गतिविधियां ठीक नहीं है वह यहां पर आने वाले लोगों से अवैध तरीके से मनमानी वसूली करता है। कभी 500 तो कभी वह 1000 की मांग जबरदस्ती करता है। उस पर आरोप यह भी है कि मुक्तिधाम के अंदर अनैतिक गतिविधियों दिए रात संचालित होती हैं जिसमें वह शामिल रहता है। आरोप यह भी लगाया गया कि सेवादार शराब पीता है और यहां पर शराब पीने वालों को जगह भी देता है।

### सांसद से बात करने की कही बात

जब उसे यहां से बेदखल करने की कार्रवाई की जा रही थी तो उसने कहा कि वह सांसद से बात करेगा। बताया जाता है कि उसने अधिकारियों को कुछ दस्तावेज भी दिखाएं। बताया यही जाता है कि सेवादार का सतना में घर परिवार है लेकिन वह यहां पर जबरदस्ती रहता है। जबकि नगर निगम द्वारा यहां पर एक व्यक्ति की तैनाती की गई है। सेवादार लंबे समय से यहां पर जबरदस्ती रह रहा है। उसकी पत्नी ने बताया कि उसके ससुर मुक्ति धाम में रहकर सेवा करते थे उसके बाद उसके पति द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। बहरहाल सेवादार की गतिविधियां ठीक नहीं होने के कारण उसे यहां से बलपूर्वक हटा दिया गया। उसने जब प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि वह पत्नी और बच्चों को लेकर कहां जाएगा। तभी उसे प्रशासन के अधिकारियों ने सोमवार को कार्यालय आने की बात कही है और यह भी भरोसा दिलाया है कि उसके रहने का इंतजाम किया जाएगा। बहरहाल सहायता के लिए उसे 10000 से अधिक की राशि रविवार को बेदखल करते समय दे दी गई है।

### एक बार किया था आत्मदाह का प्रयास

सिंधु विकास सेवा समिति के एक सदस्य ने बताया कि सेवादार को कई बार यहां से हटाने का प्रयास किया गया लेकिन वह अपने अड़ियल रवैया की वजह से नहीं जा रहा था एक बार उसने मिट्टी का तेल डालकर अपने ऊपर आग लगाने का प्रयास किया था।

### सिंधु विकास सेवा समिति ने किया है मुक्तिधाम का विकास

आपको बता दें कि मुक्तिधाम का विकास सिंधु सेवा विकास समिति द्वारा किया जा रहा है। यह समिति के पट्टे की जमीन है। डेढ़ एकड़ जमीन खरीद कर समिति ने इसका विस्तार किया है। इसके पहले भी एक निजी व्यक्ति द्वारा अपनी जमीन मुक्ति धाम के लिए दी गई थी जिसमें वर्षों से मुक्तिधाम बना हुआ है।



## अमन चैन के पैगाम के साथ साइकिल से हज यात्रा

**मैहर।** रविवार की दोपहर हैदराबाद से हज तक का सफर साइकिल से पूरा करने के उद्देश्य से युवक मैहर पहुंचा। जहां स्वजातीय लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। बताया जा रहा है कि हैदराबाद से 24 वर्षीय हाकिम हाफिज तालिब ने हैदराबाद से हज यात्रा साइकिल से करने का फैसला लेते हुए 01 मई को अपनी हज यात्रा शुरू की जो कि भारत के विभिन्न देशों से होते हुए रविवार की दोपहर मैहर पहुंचे जहां पर स्वजातीय एवं युवा पीढ़ी ने तालिब का जोरदार स्वागत किया। तालिब ने बताया यह हज यात्रा कई देशों से होते हुए मक्का मदीना में समाप्त हो गई 1 मई से यात्रा शुरू की गई है लगभग एक वर्ष का समय लगेगा हज यात्रा को पूरा करने में प्रतिदिन 40 से 50 किमी साइकिल चला कर अपनी यात्रा को पूरा कर रहे है। रास्ते में चाहने वाले लोगों द्वारा स्वागत किया जाता है। जिसने में वाला प्यार और मोहब्बत मेरे रास्ते को और आसान बना रहा है सुबह नवाज के बाद यात्रा शुरू करता हुं और दोपहर और शाम की नवाज रास्ते में पड़ने वाली मस्जिदों में अदा कर यात्रा शुरू करता हुं। तालिब ने बताया कि मेरा यात्रा करने का मुख्य मकसद देश में अमन चैन और भाई चारा बना रहे साथ ही मेरे देश का तिरंगा झंडा पूरे देश में दिखे और मेरे देश का नाम रोशन हो।

## मैहर में आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत, तीन घायल

मैहर।

मौसम में अचानक बदलाव हुए जिसके चलते आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं चार लोग घायल है। जिनका इलाज मैहर सिविल अस्पताल में किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की शाम मौसम में अचानक बदलाव हुआ तेज डोप के बाद आंधी और बारिश होने लगी जिसके बाद बकरी चरा रहे सूरज रावत उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम मड़ई पेड़ के नीच खड़ा हो गया तभी आकाशीय बिजली गिरने से सूरज की मौके पर ही मौत हो गई वहीं बकरी चराने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से अतुल कोल उम्र 13 वर्ष एवं चाचा महाजन कोल उम्र 23 वर्ष वहीं निवासी ग्राम सोनवारी कल्पना सिंह उम्र 32 वर्ष एवं किशन सिंह उम्र 8 वर्ष खेत में काम करने के दौरान बिजली गिरने से घायल हो गई। आनन फानन में सभी घायलों को मैहर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने सूरज रावत को मृत घोषित कर दिया वहीं सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है।



### विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला आज उचेहरा में

**सतना।** शासकीय आईटीआई एवं रोजगार कार्यालय सतना द्वारा 26 जून 2025 तक सतना एवं मैहर जिले में स्थित समस्त आईटीआई में एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस का एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा।जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 16 जून को जनपद पंचायत उचेहरा ,17 जून को जनपद पंचायत नागौद,18 जून को शासकीय आईटीआई सतना (युवा संगम),19 जून को शासकीय आईटीआई मैहर (युवा संगम),20 जून को जनपद पंचायत सोहावल,23 जून को शासकीय आईटीआई अमरपाटन,24 जून को जनपद पंचायत मैहर,25 जून को जनपद पंचायत रामनगर एवं 26 जून 2025 को जिला रोजगार कार्यालय सतना में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर पद हेतु आयु 19 से 40 वर्ष तथा योग्यता 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं। भर्ती से संबंधित जानकारी के लिए राहुल साहू मोबाइल नम्बर 9131557489 पर सम्पर्क कर सकते है।

## कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां का सचिव और महानिदेशक ने किया दौरा

### डॉ. मांगी लाल जाट ने किया निरीक्षण

**सतना।**कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां में सचिव(डेयर) और महानिदेशक,भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली डॉ.मांगी लाल जाट ने रविवार को निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप महानिदेशक (कृषि विस्तार) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली डॉ.राजबीर सिंह एवं निदेशक अटारी जबलपुर डॉ.एसआरके सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां मे संचालित जीवंत इकाइयों का निरीक्षण किया। जिसमे खाद्य प्रसंस्करण इकाई मे भ्रमण के दौरान स्वयं सहायता समूह एवं कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा निर्मित उत्पादों का अवलोकन किया गया। खाद्य प्रसंस्करण वैज्ञानिक डॉ.हेमराज द्विवेदी ने बताया कि महिलाओं एवं समूहों को प्रशिक्षण देकर उन्हे छोटी-छोटी इकाइयां स्थापित कराकर आय अर्जित कराते है। समूह की महिलाओं से बात करते हुए डॉ. जाट ने बताया कि आपने कैसे सीखा,तो महिलाओं ने बताया कि केवीके से प्रशिक्षण के माध्यम से हमें लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं एकत्रीकरण के बारे मे जानकारी दी गई। जिससे हम अच्छी आय अर्जित कर रहे है। साथ ही सामुदायिक बीज बैंक,बीज प्रसंस्करण इकाई,नर्सरी का अवलोकन किया गया। इसके बाद किसानों को समूह प्रथम पंक्ति प्रदर्शन में सोयाबीन एवं धान के बीजों का वितरण किया गया। किसानों से डॉ.जाट ने पूंछा कि आपको कृषि विज्ञान केंद्र से कैसे मदद मिलती है। प्रगतिशील किसान शिवकुमार सिंह ने बताया कि सोयाबीन के उन्नत बीज की आवश्यकता है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक हमेशा हमे तकनीकी जानकारी देते है। अनुसुईया कुशवाहा ने बताया कि मैं कृषि विज्ञान केन्द्र से जानकारी लेकर फल एवं सब्जी की खेती करता हूँ। जिससे हमें अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है। डॉ.जाट ने बताया कि दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां में जिस तरीके से काम हो रहा है वह सराहनीय है।इसके लिए मैं नानाजी को नमन करता हूँ। ऐसी विषम परिस्थिति में काम करना और इस स्तर का काम करना काबिले तारीफ है। साथ ही अपने वक्तव्य मे किसानों को आश्वास्त किया कि उन्नत किस्म के बीज आप तक आसानी से पहुचेंगे। संस्थान द्वारा किए जा रहे वन धन परियोजना के कार्यों की जानकारी में अटारी डायरेक्टर ने कहा कि डाकुमेंटरी तैयार कर हमें भेजे। इस अवसर पर प्रगतिशील कृषक,वन धन समूह की महिलायें,तथा गृह उद्योग की महिलायें,वैष्णवी स्वयं सहायता समूह की महिलायें एवं पूसा के वैज्ञानिक डॉ.अमित गोस्वामी सहित कृषि विज्ञान केंद्र के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन द्वारा की गई।



## धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शासकीय योजनाओं की दी गई जानकारी



सतना।

धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के अंतर्गत शासन द्वारा शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने और हितग्राहियों को योजनाओं में पूर्ण संतृप्ति प्रदान करने के उद्देश्य से 15 जून से 30 जून तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत रविवार को विकास खण्ड मझगवां के ग्राम पंचायत हरदी हलामन में शिविर लगाकर शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। जिसमें लगभग 200 हितग्राही उपस्थित रहे। इसी प्रकार विकासखण्ड रामपुर बघेलान की ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। जिसमें लगभग 180 हितग्राही उपस्थित रहे।

## प्रदेश में आरटीई प्रवेश प्रक्रिया का दूसरा चरण कल से

सतना।

निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश का प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया 10 जून 2025 को पूरी हो चुकी है। प्रथम चरण के बाद जिन स्कूलों में सीटें रिक्त रह गई हैं,ऐसे स्कूलों को उनमें रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है। आवेदकों द्वारा स्कूलों के च्वाइस को अपडेट किये जाने का कार्य 16 जून से 20 जून तक किया जा सकेगा। द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन लाटरी 25 जून 2025 को होगी। आवंटन के बाद स्कूल में प्रवेश एवं संबंधित स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप से एडमीशन रिपोर्टिंग 25 जून से 30 जून 2025 तक की जा सकेगी। द्वितीय चरण के लिए नवीन आवेदन पंजीयन नहीं होगा और पुनः सत्यापन प्रक्रिया भी नहीं होगी। वह आवेदक जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन किया था और सत्यापन के बाद पात्र पाए गए थे,उनका प्रथम चरण में कोई स्कूल आवंटित नहीं हुआ था। वह द्वितीय चरण के लिए स्कूल की च्वाइस अपडेट कर सकते हैं। जिन आवेदकों को प्रथम चरण में स्कूल आवंटन हुआ है,लेकिन स्कूल पसंद नहीं आने के कारण आवंटित स्कूल में एडमीशन नहीं लिया है,वह द्वितीय चरण में च्वाइस अपडेट कर सकते हैं। जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर और सभी जिला परियोजना समन्वयक को भेजी गई हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला राज्य केंद्र से प्राप्त की जा सकती है।

## करेंट लगने से बुजुर्ग महिला की मौत, तेज हवाओं से टूटे थे बिजली के तार

### बाहर शौच करने जाते समय हुई घटना



**सतना।** *रविवार सुबह पोड़ी चौकी के नंदहा गांव में एक वृद्ध महिला की करंट लगने से मौत हो गई। वार्ड 5 की रहने वाली 65 साल की जुगीबाई पटेल सुबह 6 बजे शौच के लिए निकली थीं। शनिवार की शाम आए तेज अंधड़ से क्षेत्र में कई जगह बिजली के पोल और तार टूट गई थीं। जुगीबाई 11 केवी की टूटी हुई तार की चपेट में आ गईं। करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पोड़ी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बिजली कंपनी के अधिकारियों को जानकारी दी। तुरंत बिजली बंद करा दी गई। सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को टूटी तार से दूर रहने की हिदायत दी गई। घटना से गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों में बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर आक्रोश है।*

## खबर संक्षेप

### पटना तमोली के अतुल कुमार चौरसिया ने नीट में हासिल की शानदार सफलता



**पन्ना।** ग्राम पटना तमोली जिला पन्ना के होनहार छात्र अतुल कुमार चौरसिया, पिता सिद्धार्थ चौरसिया ने नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 720 में से 565 अंक अर्जित किए हैं। अतुल की इस सफलता से गांव में हर्ष और गौरव का वातावरण है। अतुल के पिता सिद्धार्थ चौरसिया स्वयं एक शिक्षक हैं और उन्होंने हमेशा शिक्षा के महत्व को अपने परिवार में प्राथमिकता दी। अतुल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्राम पटना तमोली से, तथा कक्षा 6वीं से 10वीं तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय, रामखिरिया (पन्ना) से की। कोविड महामारी के दौरान उत्पन्न परिस्थितियों के कारण उन्होंने 11वीं और 12वीं की पढ़ाई डॉ. के एन मेमोरियल स्कूल, छतरपुर से की। इसके बाद उन्होंने कोटा (राजस्थान) जाकर नीट की तैयारी की, जहां निरंतर परिश्रम और समर्पण से उन्होंने यह उपलब्धि प्राप्त की। अतुल का सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। उन्होंने बताया कि इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता, शिक्षकों और मार्गदर्शकों का निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन रहा। गांव के युवाओं के लिए यह सफलता एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरी है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, एवं ग्रामीणों ने अतुल को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### प्रथम चरण की काउंसलिंग की प्रवेश तिथि बढ़ी

**पन्ना।** संचालनालय तकनीकी शिक्षा, भोपाल द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रथम चरण की काउंसलिंग प्रवेश तिथि बढ़ाई गई है। अब आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता एवं आवंटित संस्था में उपस्थिति 16 जून को सायं 5 बजे तक दी जा सकती है। डिप्लोमा इंजीनियरिंग में प्रवेश लेने के इच्छुक सभी विद्यार्थी अपने अलाटमेंट लेटर के साथ शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना या शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई, जहां भी आवंटन प्राप्त हुआ हो, में उपस्थिति सुनिश्चित करा सकते हैं। प्राचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में वर्तमान में मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा सिविल इंजीनियरिंग एवं शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में संचालित सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश की कार्यवाही जारी है। रविवार, 15 जून को भी दोनों संस्थाओं में विद्यार्थियों को प्रवेश के संबंध में आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

### बीएलओ सुपरवाईजर राजाभैया अहिरवार को नोटिस जारी

**पन्ना।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 पन्ना संजय कुमार नागवंशी ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर अजयगढ़ तहसील अंतर्गत उच्च माध्यमिक शिक्षक सह प्रभारी प्राचार्य शासकीय उ.मा. विद्यालय हरदी तथा सर्किल 13 हरदी के बीएलओ सुपरवाईजर राजाभैया अहिरवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस के माध्यम से बीएलओ सुपरवाईजर को पदीय दायित्वों के प्रति स्वेच्छाचारिता, उदासीनता और घोर लापरवाही बरतने तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत कदाचरण कृत्य के बारे में चेतावनी दी गई है। साथ ही संबंधित को निर्वाचन कार्य संपादन के लिए तत्काल व्हाट्स एप ग्रुप ज्वाइन कर आयोग के निर्देशानुसार कार्य प्रारंभ करने और दो दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है। एसडीएम ने बताया कि बीएलओ सुपरवाईजर को 11 मतदान केन्द्रों के लिए नियुक्त कर पालन प्रतिवेदन तीन दिवस में प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया था, लेकिन राजाभैया अहिरवार द्वारा समय सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया।

# अवैध तरीके से लकड़ी परिवहन करते हुये वन विभाग द्वारा महेन्द्रा कैम्पर किया गया जप्त

**उत्तर वन मण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र धरमपुर के खंदियन मंदिर के सामने अजयगढ़ पीडब्ल्यूडी रोड पन्ना अजयगढ मुख्य मार्ग में एमपी 7 जीए 8447 जलाऊ लकड़ी लोड किये अजयगढ़ की ओर जाते हुये धरा गया, वन अमले की कार्यवाही**






हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

अवैध तरीके से परिवहन करते हुये जलाऊ लकड़ी ले जाने वाले महेन्द्रा कैफर वाहन को जप्त करने की कार्यवाही वन संरक्षक वन वृत्त छतरपुर एवं वन मण्डलाधिकारी उत्तर वन मण्डल गर्भित गंगवार तथा उप वन मण्डल अधिकारी विश्रामगंज अंशुल तिवारी के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र धरमपुर अंतर्गत सामुहिक गस्ती के दौरान खंदियन मंदिर के सामने पन्ना अजयगढ़ पीडब्ल्यूडी मार्ग में महेन्द्रा कम्फर जिसका नं0 एमपी 07 जीए 8447 जो जलाऊ लकड़ी लोड किये अजयगढ की ओर जाते हुये दिखी जिसका पीछा कर वन अमले के कर्मचारियों के द्वारा रोका गया जिसमें सूखी जलाऊ बबूल की लकड़ी 0.500 घ.मी. लकड़ी को बगैर वैद्य दस्तावेज के परिहन किये जाने के कारण चालक राकेश वर्मा पिता लाला वर्मा निवासी धौरिया जिला शिवपुरी के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण क्र0 307/14 दिनांक 13.06.2025 को पंजीबद्ध किया जाकर उक्त वाहन की जप्ती की कार्यवाही की गई। इस तरह से जहां अवैध तरीके से जलाऊ लकड़ी परिवहन करते हुये उत्तर वन मण्डल अंतर्गत धरमपुर रेंज वन परिक्षेत्राधिकारी वीाव सिंह चंदेल एवं भगवत प्रसाद आरख कार्यवाहक उप वन परिक्षेत्र सहायक सिंहपुर व अय्यूब खांन वन रक्षक बीटगार्ड बरियारपुर कुर्मियान तथा मुरलीधर अहिरवार वन रक्षक बीटगार्ड सिंहपुर व रिसी कपूर वन रक्षक बीट गार्ड गडरपुर आदि सभी ने मिलकर इस कार्यवाही को अंजाम दिया है। इस तरह से जहां उत्तर वन मण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र धरमपुर की सीमा में जहां अजयगढ़ पन्ना मुख्य मार्ग खंदियन मंदिर के पास अवैध तरीके से जलाऊ लकड़ी परिवहन करते हुये कम्फर को धरा गया, एवं जप्ती की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। यहां वनों की सुरक्षा को लेकर वन अमला तत्पर नजर आ रहा है जिस तरह से इस कार्यवाही को अंजाम दिया गया उससे सहज की अंदाजा लगाया जा सकता है कि अवैध तरीके से कार्य करने वालों की खैर नहीं।

## लिस्यू आनंद स्कूल के कक्षा 11वीं के छात्र आदित्य यादव ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाया

**अमेरिका में आयोजित समर साईंस प्रोग्राम एस.एस.पी. में आर्थो फिजिक्स के लिए देश के मात्र चार विद्यार्थियों में आदित्य शामिल**

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

प्रतिभा स्वयं ही अपनी जगह बनाती है। पन्ना का हीरा विश्व स्तर पर देश का गौरव बनकर चमक बिखेरने में जाना गया। लिस्यू आनंद विद्यालय पन्ना में कक्षा 11वीं में पढ़ने वाले छात्र आदित्य यादव ने संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित समर साईंस प्रोग्राम एस.एस.सी. में आर्थो फिजिस्क विषय के लिए विश्व के सबसे विशिष्ट पूर्व विश्व विद्यालयीय सोध कार्यक्रम में से एक जिसमें इस वर्ष केवल 38 विद्यार्थियों को प्रवेश मिला। भारत देश से मात्र चार छात्रों को प्रवेश मिला है। इन चार छात्रों में से आदित्य यादव ने अपनी प्रतिभा को साबित कर अपना स्थान बनाया है। पन्ना का हीरा अमेरिका में भी प्रतिभा की चमक विखेरने में जाना गया।

पन्ना। किस तरह से प्रतिभा अपना स्थान बनाकर अपनी चमक विखेरती है। समय के साथ जो स्वयं ही सभी को अपनी योग्यता के साथ अपने गौरव को साबित करने में मुकाम तय करती है। वहीं दूसरों के लिए भी दिशा देने के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनते है। पन्ना जिले के लिस्यू आनंद विद्यालय में पढने वाले कक्षा 11वीं के छात्र आदित्य यादव ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाते हुए एक अत्यंत प्रतिष्ठित उपलब्धि हांसिल की है। आदित्य यादव का चयन संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित समर सांईस प्रोग्राम एस.एस.पी. में आर्थो फिजिस्क विषय के लिए चयन हुआ। यह कार्यक्रम विश्व के सबसे विशिष्ट पूर्व विश्व विद्यालयीय सोध कार्यक्रमों में से एक है। जिसमें इस वर्ष केवल 38 विद्यार्थियों को प्रवेश मिला है। जिनमें भारत देश से मात्र चार छात्र प्रवेश पाने में सफल हुए। चयन के माध्यम से आदित्य सादव ने अपनी प्रतिभा स्वयं साबित की है। तभी तो पन्ना जिले के इस हीरे ने अपनी चमक अब विश्व में विखेरने में प्रतिभा के रूप में स्थान बनाकर साबित किया है। एस.एस.पी. कार्यक्रम के अंतर्गत आदित्य यादव नियर्थ ऑब्जेक्टस (एन.ई.ओ.एस.) पर गहन सोध करेगें। जिसमें वास्तविक टेली स्कोप डेटा और विज्ञानिक संगणन की सहायता से इन वस्तुओं की कक्षाओं का सटीक निर्धारण किया जायेगा। उनका सोध नासा के माईनर प्लेनेट सेंटर को प्रस्तुत किया जायेगा। इस तरह से एक किसान के बेटे आदित्य यादव ने यह उपलब्धि जो हांसिल की है ग्रामीण भारत की मिट्टी में भी वैश्विक स्तर की प्रतिभायें अंकुरित हो सकती है यदि इनमें दृष्टिकोण संकल्प आत्मविश्वास हो। आदित्य यादव जो लिस्यू आनंद विद्यालय पन्ना का छात्र है। जिसने देश का मान बढाया वहीं शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनकर दिशा दी।

## सार्थक एप्लीकेशन के माध्यम से ई-अटेंडेंस से उपस्थिति के लिए होगा प्रशिक्षण

पन्ना।

कलेक्टेट स्थित कक्ष क्रमांक 37 में स्थापित ई-दक्ष केन्द्र में सार्थक एप्लीकेशन के माध्यम से अधिकारी-कर्मचारियों की ई-अटेंडेंस से उपस्थिति दर्ज कराने के संबंध में विभागवार तीन दिवसीय प्रशिक्षण 16 से 18 जून तक आयोजित किया गया है। शासन स्तर से निर्धारित परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में एकरूपता लाने तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं के जिला स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के अब समस्त विभाग एवं कार्यालयों में सार्थक एप्लीकेशन के जरिए शासकीय सेवकों की ई-अटेंडेंस से उपस्थिति दर्ज कराने की प्रक्रिया आगामी दिवसों में शीघ्र प्रारंभ होगी। इसके लिए प्रथम चरण में कार्यालय प्रमुखों को ई-दक्ष केन्द्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित जिलाधिकारियों को निर्धारित तिथि पर प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा इसके उपरांत अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को भी सुविधानुसार ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन लिंक के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। सोमवार, 16 जून को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पेंशन अधिकारी, जिला कोषालय अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला संयोजक, म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला आपूर्ति अधिकारी, जनपद पंचायत पन्ना, सहायक आयुक्त सहकारिता, वनमंडलाधिकारी दक्षिण, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, उप संचालक कृषि एवं परियोजना संचालक आत्मा का प्रशिक्षण निर्धारित है। इसी तरह 17 जून को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक संचालक मत्स्य, सहायक पंजीयक सहकारी समिति, सहायक मृदा संरक्षण अधिकारी, वनमंडलाधिकारी उत्तर, उप पंजीयक, जिला सेनानी होमगार्ड, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें, उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला उपभोक्ता मंच, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी एवं जनअभियान परिषद, जिला पंचायत, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग तथा परियोजना अधिकारी एमडीएम व आवास योजना का प्रशिक्षण होगा। इस क्रम में 18 जून को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला विकास पुनर्वास केन्द्र, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जिला मलेरिया अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला आयुष अधिकारी, जिला लोक अभियोजन अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना, अधीक्षक जिला जेल का प्रशिक्षण निर्धारित है, जबकि इसी दिवस को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक हीरा अधिकारी, खनन अधिकारी, सहायक संचालक उद्यानिकी, जिला रोजगार अधिकारी, परियोजना अधिकारी आजीविका मिशन एवं मनरेगा, जिला शहरी विकास अभिकरण, नगर पालिका पन्ना, अधीक्षक आईटीआई पन्ना, छत्रसाल शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय पन्ना, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, श्रम पदाधिकारी, विपणन संघ, जिला ग्रामीण विकास एजेंसी, समग्र स्वच्छता एवं उप संचालक राष्ट्रीय उद्यान पन्ना का प्रशिक्षण निर्धारित है।

# देवेंद्रनगर स्वास्थ्य केंद्र की अभिनव पहल, चलने में असमर्थ मरीजों को मिला सहारा, लौट आई मुस्कान





पन्ना।

शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन और उनकी समर्पित टीम ने चिकित्सा सेवा को सिर्फ इलाज तक सीमित न रखकर एक सजीव मानवीय संवेदना का रूप दे दिया है। हाल ही में अस्पताल में ऐसे मरीजों को वॉकर और बैसाखी प्रदान की गई, जो चलने में असमर्थ थे और लकड़ी के डंडों के सहारे किसी तरह अस्पताल पहुंचते थे। इन उपकरणों को पाकर न केवल मरीजों के चेहरों पर मुस्कान लौटी, बल्कि नगरवासियों में भी स्वास्थ्य केंद्र के प्रति भरोसा और सम्मान गहरा हुआ। भूरेलाल कुशवाहा (निवासी बड़ागांव), लाल पटेल (उम्र 80, निवासी अल्हा), सोनेलाल पाल (उम्र 45, निवासी बसई), और जतों बाई कुच्छवादिया (उम्र 60, निवासी बड़ागांव) जैसे अनेक जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल चुका है। डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि यह कोई औपचारिक योजना नहीं, बल्कि जब-जब किसी मरीज को जरूरत होगी, तब-तब अस्पताल और उनकी टीम अपनी मानवीय जिम्मेदारी निभाएगीकृचाहे वह वॉकर हो, दवा हो, कपड़े हों या अन्य किसी तरह की सहायता। यह जानकारी हमें तब मिली जब हम एक अलग कार्य से अस्पताल पहुँचे और वहाँ मौजूद कुछ मरीजों को इस प्रकार की सहायता पाते हुए देखा। तभी यह भी ज्ञात हुआ कि यह सेवा कोई हालिया पहल नहीं, बल्कि डॉ. जैन द्वारा कई वर्षों से निःस्वार्थ रूप से निरंतर जारी है। हालाँकि डॉक्टर साहब ने बार-बार इसे समाचार रूप में प्रकाशित न करने का आग्रह किया और कहाकृष्यह तो हमारा कर्तव्य है, इसे बिना प्रचार के करते रहना ही सच्ची सेवा है।ष परंतु जब सेवा मौन रहकर भी बोलती है, तो समाज का दायित्व बन जाता है कि वह उसे आदरपूर्वक सामने लाए। कभी-कभी मरीजों को भोजन अथवा अन्य रूपों में भी आर्थिक मदद की जाती रही है, लेकिन डॉ. जैन और उनकी टीम इसे प्रचार योग्य नहीं मानते। उनके इस सेवा कार्य में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पारुल जैन भी कदम से कदम मिलाकर चलती हैं। वे एक संवेदनशील समाजसेवी हैं और विभिन्न सामाजिक व जनहितकारी कार्यक्रमों में सदैव सक्रिय भूमिका निभाती हैं। देवेंद्रनगर स्वास्थ्य केंद्र की यह सोच बताती है कि जब चिकित्सा सेवा के साथ करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व जुड़ जाए, तो उसका प्रभाव दवाओं से कहीं अधिक गहरा और स्थायी होता है। नगरवासियों ने इस पहल को न केवल सराहा, बल्कि इसे ष्एक जीवित उदाहरणष कहाकृजहाँ चिकित्सा और मानवता साथ-साथ चल रही हैं।




## कोतवाली क्षेत्र में परिजन से साथ छूट जाने से रास्ता भटका 7 वर्षीय बालक, डायल-112/100 जवानों ने माँ से मिलाया

**पन्ना।** पन्ना के थाना कोतवाली क्षेत्र में बड़े बाजार में एक 07 वर्षीय बालक मिला है, जो घर का रास्ता भटक गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 14-06-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल कोतवाली थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक खेरन सिंह एवं पायलेट अमर यादव ने मौके पर पहुँचकर बालक को संरक्षण में लिया। बालक कोई जानकारी नहीं दे पा रहा था। डायल-112/100 जवानों ने बालक को एफ़ आर व्ही वाहन से साथ लेकर आसपास परिजन की तलाश एवं पूछताछ करने पर बालक के परिजन की जानकारी मिली। डायल-112/100 जवान बालक को लेकर पहुँचे। जहाँ बालक द्वारा पहचान व सत्यापन उपरांत बालक सत्यम पिता सुखमन वंशकार निवासी ख़मरगौर जिला दमोह को परिजन के सुपुर्द किया।

### रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन सुरेश कुमार ने नगर परिषद ककरहटी के वार्ड क्रमांक 13 में पार्षद पद के उप निर्वाचन के लिए तत्काल प्रभाव से तहसीलदार ज्योति राजपूत को रिटर्निंग अधिकारी एवं नायब तहसीलदार कोमल सिंह चढ़ार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। संबंधित अधिकारी म.प्र. नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994 में निहित प्रावधानों के तहत निर्वाचन कार्य संपन्न कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। उल्लेखनीय है कि गत दिवस राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों में पार्षद पद की रिक्त सीटों पर उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किया गया है। इसके साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता भी निर्वाचन परिणाम की घोषणा होने तक प्रभावशील हो गई है। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सोमवार, 16 जून से अभ्यर्थियों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे।

### हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की द्वितीय परीक्षा 17 जून से

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आगामी 17 जून से 5 जुलाई तक आयोजित होने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा 2025 के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा धारा 163 तत्काल प्रभाव से प्रभावशील करने का आदेश जारी किया है, जिसके तहत जिले के समस्त 11 परीक्षा केन्द्रों पर 200 मीटर की परिधि में संबंधित विद्यार्थी, स्कूल स्टॉफ, सुपरवाईजर, निरीक्षण दल, स्कूल एवं परीक्षा में संबंधित सामग्री लाने वाला व्यक्ति तथा परीक्षा से संबंध रखने वाले व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे।

### प्रस्तावित फोरलेन एवं एलीवेटेड रोड निर्माण के संबंध में हुई चर्चा

**पन्ना।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 बमीठा-पन्ना-सतना के प्रस्तावित फोरलेन कार्य की रूपरेखा एवं कार्ययोजना तय करने तथा एलीवेटेड सड़क निर्माण के संबंध में गत दिवस कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कंसलटेंट के साथ बैठक कर आवश्यक चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह सहित कलेक्टर सुरेश कुमार एवं क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व अंजना सुचिता तिर्की भी उपस्थित रहीं। बैठक में विभिन्न निर्माण कार्यों सहित पन्ना बायपास में अलाइनमेंट जोड़कर एलीवेटेड सेक्शन का प्रस्ताव तैयार करने, पन्ना शहर में प्रस्तावित रिंग रोड से एनएच-39 के एलीवेटेड सेक्शन को जोड़ने सहित आवश्यक सुझावों पर विचार विमर्श भी किया गया। इस अवसर पर पन्ना विधायक के निर्देशन में पन्ना बायपास के विकल्प में संशोधन तथा आगामी दिवसों में सांसद की अध्यक्षता में पुनः बैठक कर संशोधित एवं उपयुक्त अलाइनमेंट विकल्प की स्वीकृति प्राप्त करने संबंधी निर्णय लिया गया।



## खजुराहो-सिंगरौली रेल लाइन के ठेकेदार की तानाशाही, रातों रात किसान की उपजाऊ जमीन को बना दिया तालाब

# तहसीलदार से लेकर पटवारी, पुलिस के चक्कर काटकर परेशान पीड़ित किसान

छतरपुर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक सपना है कि अंतिम छोर तक विकास हो यह सपना साकार करने के लिए उनके द्वारा रेल लाइन फोर लाइन सहित अन्य तमाम विकास कार्य कराए जा रहें है। लेकिन कभी कभी यही विकास कार्य विनाशकारी दिखने लगते है। जिसका एक उदाहरण खजुराहो संसदीय क्षेत्र और राजनगर विधानसभा क्षेत्र की कछियाना में देखने को मिला है, क्योंकि खजुराहो से सिंगरौली रेल्वे लाइन का निर्माण कार्य एमपीआर कंपनी को मिला हुआ है और ठेकेदार नन्दू और उसके साथ हल्लू कुशवाहा रेल्वे लाइन का निमार्ण कार्य देख रहें है। रेल्वे लाइन का यह सपना राजनगर विधानसभा क्षेत्र के कछियाना गांव निवासी एक दलित परिवार के लिए भारी पड गया। दलित परिवार ने यह कभी नहीं सोचा था कि वह जिस जमीन पर फसल उगाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहें है। बहीं जमीन उनसे जबरन छीन ली जाएगी। ऐसा ही हुआ है ग्राम कछियाना निवासी बलदाऊ अहिरवार ने बताया कि उसकी मां के नाम ढाई एकड़ जमीन थी जिस पर बह खेती कर रहे थे, और उस जमीन से निकलने बाली फसल से उनके परिवार का भरण पोषण चल रहा था। लेकिन सिंगरौली -खजुराहो रेल्वे लाइन का काम कर रही एमपीआर कंपनी और उसके ठेकेदार नन्दू ने रातोरात किसान की उपजाऊ जमीन पर बुल्डोजर चलवाकर करीब 20 फीट गहरी मिटटी खोद डाली। यह मिट्टी अबैध रूप से खजुराहो सिंगरौली रेल्वे लाइन में उपयोग की गई। किसान बलदाऊ अहिरवार उसकी मां का आरोप है कि जब हम अपने खेतों पर पहुचे तो उपजाऊ खेत की जगह गहरी गहरी खाई देखकर उनके होश उड गए। खजुराहो थाना जाकर तत्काल सूचना दी लेकिन खजुराहो थाना पुलिस का कहना था कि तहसीलदार और पटवारी के पास जाए।





### पटवारी ने कहां जमीन नपा लो

विडवना देखो पटवारी जिसकी जिम्मेदारी किसानो की जमीन की है क्योंकि पटवारी के पास किसानों की जमीन का लेखा जोखा रहता है, लेकिन पटवारी ने बिना सोचे समझे किसान को यह कहकर भगा दिया कि पहले अपनी जमीन नपवा लो फिर देखते है। लेकिन किसान जब तक अपनी जमीन नपवाता तब तक उसकी एक भी जमीन नहीं बचती अभी ढाई एकड में किसान के पास आधा एकड़ जमीन जरूर बची है। पटवारी से कोई न्याय न मिलने पर किसान तहसीलदार के पास पहुचा लेकिन तहसीलदार के पास किसान को कोई सही न्याय नही मिला और निराशा हाथ लगी।

### किसान की मांग जमीन का दिया जाए मुआवजा

किसान बलदाऊ अहिरवार और उसकी मां का कहना है कि रेल्वे के ठेकेदार की गुडागर्दी के चलते उनकी उपजाऊ जमीन बेकार हो चुकी है। उनके किसी मतलब की नही रह गई, जिससे अब जमीन के बदले उन्हें मुआवजा दिया जाए। ताकि वह अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए कोई अन्य वैकल्पिक ब्यवस्था कर सके। प्रशासन तंत्र में भ्रष्टाचार के चलते किसान बलदाऊ अहिरवार लगातार कई दिनों से थाने से लेकर तहसील तक के चक्कर लगाकर परेशान हो चुका है। लेकिन उसे कोई सतोषजनक न्याय नहीं मिला है।

### पीड़ित किसानों ने बताया कि जिले के राजनेताओं ने भी साधी चुप्पी

खजुराहो लोकसभा और राजनगर विधानसभा क्षेत्र के जो राजनेता अपने आप को किसानों का हितेषी बताने में नही थकते है। बही आज किसानों की इन समस्याओं के प्रति चुप्पी साधे हुए है। राजनेताओं की यह चुप्पी किसानों के लिए भारी पड रही है। क्योंकि प्रशासन में सुनवाई न होने के बाद उनके पास राजनेताओं से न्याय की उम्मीद थी लेकिन राजनेताओं की चुप्पी ने भी किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। ऐसा एक किसान के साथ नही हुआ बल्कि राजनगर क्षेत्र के दर्जनों गांव के किसान ऐसे है जहां चोरी छुपे उनकी जमीनों से मिट्टी निकाल ली गई। खजुराहो-सिंगरौली रेल लाइन के आसपास के गांव में मिट्टी के खुदाई के बीडियो सोशल मीडिया में लगातार वायरल हो रहें। लेकिन जिम्मेदार राजस्व और खनिज अधिकारियों ने रेल्वे लाइन का काम कर रही कंपनी से आज तक यह पूछने का साहस नही जुटाया कि बह जहां खुदाई कर रहें है उसकी अनुमति ली है कि नही। यही कारण है कि रेल्वे ठेकेदार की गुडागर्दी का शिकार सीधा साधा किसान हो रहा है।

### इनका कहना है -

यह जानकारी मुझे आपके द्वारा प्राप्त हुई है, कछयाना गांव का कोई भी किसान मेरे पास अभी तक नहीं आया है, मैं दिखवाता हूं।

**प्रतीक रजक**
नायब तहसीलदार, चंद्रनगर सर्किल

## खबर संक्षेप

### डॉ. मनोज चौधरी ने बिना ऑपरेशन के बचा ली बच्ची की जान

**छतरपुर।** छतरपुर के डॉ. मनोज चौधरी ने एक साढ़े 3 साल की बच्ची के गले में फंसे सिक्के को बिना ऑपरेशन के निकालकर उसकी जान बचा ली। खास बात यह है कि बच्ची के परिजन उसे दिल्ली में ऑपरेशन की सलाह के बाद निराश होकर छतरपुर लाए थे, जहां कुछ ही घंटों में डॉ. चौधरी ने बच्ची को स्वस्थ कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दिव्यांशी रजक उम्र साढ़े 3 वर्ष के पिता अनादि रजक निवासी बुड़ेरा गांव जिला टीकमगढ़, दिल्ली में मजदूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि 5 दिन पहले दिव्यांशी के गले में 5 रुपये का सिक्का फंस गया था। दिल्ली के एक अस्पताल में चिकित्सकों ने बिना गारंटी के ऑपरेशन की सलाह दी। एक परिचित प्रेमनारायण ने छतरपुर के डॉ. मनोज चौधरी का जिक्र किया। रविवार सुबह परिजन बच्ची को लेकर छतरपुर पहुंचे और डॉ. चौधरी से संपर्क किया। कुछ घंटों में ही डॉ. चौधरी ने बिना ऑपरेशन के सिक्का निकाल लिया। बच्ची अब पूरी तरह स्वस्थ है। डॉ. मनोज चौधरी ने बताया कि बच्ची को दिल्ली में ऑपरेशन की सलाह दी गई थी, लेकिन रिश्तेदारों की सलाह पर परिजन छतरपुर आए। सिक्का आहार नाल में फंसा था, जिसके कारण बच्ची केवल लिक्विड डाइट पर थी। लंबे समय तक सिक्का फंसे रहने से घाव का खतरा था। सावधानीपूर्वक प्रक्रिया से सिक्का निकाला गया। परिजनों ने डॉ. चौधरी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### 11 वाहनों पर चालानी कार्यवाही

दमोह । जिला कलेक्टर द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत जिले में परिवहन विभाग लगातार वाहन चैकिंग सहित चालानी कार्यवाही कर रहा हैं। इस सबंध में परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया सागर नाका वायपास पर वाहनों की चैकिंग की गई। उन्होंने बताया 11 वाहनों से 30 हजार 800 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई हैं। उन्होंने बताया चैकिंग के दौरान 01 डम्पर बिना फिटनेस, 01 डम्पर बिना पीयूसी, 01 डम्पर ओवरलोड, 01 ट्रक बिना इंश्यूरेंस के सामने आए हैं। साथ ही हेल्मेट चैकिंग भी अन्य वाहनों की गई। उन्होंने बताया यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### राष्ट्रीय स्तर पर चयनित राहवीर को मिलेंगे एक लाख

दमोह। यातायात टीआई दलबीर सिंह मार्को ने बताया राहवीर योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में गंभीर घायलों को उपचार हेतु अस्पताल ले जाने वाले राहवीर को 25000 रूपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में गठित अप्रेजल कमेटी के माध्यम से यह कार्यवाही की जाएगी। योजना से सड़क दुर्घटनाओं से गंभीर घायल व्यक्ति का तुरंत उपचार संभव हो सकेगा। ऐसे राहवीर जो सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल व्यक्ति को तुरंत मदद पहुंचाएंगे उनमें से 10 लोगों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे जिनमें से चयनित राहवीर को 01 लाख रूपये की राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया गुड सेमेरिटन स्कीम के स्थान पर राहवीर योजना लाई गई हैं, यह योजना 31 मार्च 2026 तक प्रभावशील रहेगी। योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में त्वरित उपचार कराने के उद्देश्य से गुड सेमेरिटन योजना लागू की गई थी ताकि सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से पीड़ित को अस्पताल में ले जाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन स्वरूप राशि प्रदान की जा सके। गुड सेमेरिटन स्कीम में प्रोत्साहन राशि 5000 निर्धारित की गई थी। इस योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को राहवीर की परिभाषा में शामिल किया गया हैं।

### 85 युवाओं ने कराया पंजीयन

**दमोह।** युवाओं को रोजगार से जोड़ने क्वेस कार्प फॉर टाटा मोटर सानंद का प्लेसमेंट ड्राइव का अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय स्नातक महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवा संगम कार्यक्रम में 85 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया। साथ ही 30 युवाओं के लिए ऑफर लेटर प्रदान किए गए। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुरेशचंद जैन, जिला रोजगार अधिकारी एल पी लड़िया सहित युवाओं की मौजूदगी रही।

# चिकित्सक ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

### दो सैकड़ा गरीबों को मिला उपचार, ग्रामीणों को मिली राहत



बक्स्वाहा।

बक्सवाहा के मूल निवासी और झांसी के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. आकाश ताम्रकार ने अपनी जन्मभूमि के प्रति सामाजिक दायित्व निभाते हुए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में सैकड़ों गरीब ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया गया, जिसने क्षेत्र में चिकित्सा सेवा की एक अनूठी मिसाल पेश की।

शिविर का आयोजन 15 जून को बक्सवाहा के बड़ा बाजार स्थित श्री दिनेश ताम्रकार (दद्दे) के मकान में हुआ। इसमें 212 से अधिक ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें ब्लड शुगर फास्टिंग, लिपिड प्रोफाइल, लिवर फंक्शन, थायराइड प्रोफाइल, कंप्लीट ब्लड टेस्ट जैसे महत्वपूर्ण टेस्ट शामिल थे। शिविर संयोजक मनीष जैन ने बताया कि यह पहल क्षेत्र की आर्थिक और स्वास्थ्य चुनौतियों को ध्यान में रखकर की गई। रामटोरिया, शाहगढ़, बम्होरी, बटियागढ़, सानोदा, केरवारा, किशनपुरा, सुनवाहा सहित दो दर्जन गांवों के लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया। डॉ. आकाश ताम्रकार का सहयोग करने के लिए धीरेन्द्र पाल (झांसी), गौरव पाल (निवाड़ी), योगेश पाल (झांसी), सत्यम शर्मा (झांसी) और विष्णु तिवारी जैसे युवाओं ने जांच कार्य में योगदान दिया। क्षेत्रवासियों ने शिविर के सफल आयोजन के लिए दिनेश ताम्रकार (दद्दे) और आशीष ताम्रकार की समाजसेवी भावना की सराहना की। ग्रामीणों ने डॉ. आकाश ताम्रकार का आभार जताते हुए कहा कि उनकी यह पहल न केवल स्वास्थ्य सेवा का उदाहरण है, बल्कि यह दर्शाती है कि अपनी मिट्टी से जुड़ा व्यक्ति समाज के लिए कितना कुछ कर सकता है।

# पितृ दिवस पर ब्रह्माकुमारीज ने किया पिताओं का सम्मान

**नन्हे कलाकारों की प्रस्तुति और सत्संग ने मोहा मन, पिता के संघर्ष को किया याद**

**खजुराहो।** पितृ दिवस के अवसर पर खजुराहो ब्रह्माकुमारी विद्यालय में एक भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पिताओं के त्याग, संघर्ष और जिम्मेदारी को सम्मानित किया गया। ब्रह्माकुमारी विद्या बहन के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में नन्हे-मुन्ने कलाकारों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया, जबकि पिता की महत्ता पर आधारित विचारों ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। कुमारी पीहू ने नृत्य के माध्यम से स्वागत प्रस्तुति दी। ब्रह्माकुमारी विद्या बहन ने उपस्थित पिताओं को तिलक लगाकर, अंग वस्त्र पहनाकर और प्रेरणादायक स्लोगन कार्ड देकर सम्मानित किया। विद्या बहन ने बताया कि पिता नारियल की तरह होता है बाहर से सख्त, अंदर से कोमल। उन्होंने कहा, पिता की आंखों में आंसू दो ही बार आते हैं जब बेटी घर छोड़ती है और जब बेटा मुंह मोड़ लेता है। उन्होंने जोड़ा कि फादर्स डे पाश्चात्य संस्कृति से प्रेरित हो सकता है, लेकिन यह हमें अपने संस्कारों को सुधारने और बड़ों का सम्मान करने का अवसर देता है।

## 40 डिग्री तापमान के साथ आज से बच्चों के लिए खुल रहे स्कूल

# बढ़ते तापमान से बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव का बढ़ा खतरा

**छतरपुर।** आज से बच्चों के लिए नया शिक्षा सत्र शुरू हो रहा है। 40 डिग्री से अधिक तापमान के साथ बच्चे स्कूल में पढने के लिए आएंगे, भले ही नन्हे मुन्ने बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव क्यों न पड़े। शिक्षा विभाग द्वारा सुबह 10:30 बजे से विद्यालय खोलने के निर्देश जारी किए गए हैं। चिलचिलाती धूप में बच्चे विद्यालय आने को मजबूर होंगे। पूर्व में जारी किए गए आदेश के मुताबिक 2 जून से विद्यालय खोले गए मगर अब तक सिर्फ शिक्षक विद्यालय जाते रहे। अब 16 जून से बच्चों के लिए विद्यालय खोले जा रहे हैं। प्रवेश उत्सव के साथ-साथ विद्यालय में अन्य गतिविधियां संचालित होगी। बारिश होने से करीब 5 डिग्री तापमान प्रभावित तो हुआ है मगर अब भी तापमान 40 डिग्री के आसपास घूम रहा है। तल्ख धूप में बच्चों को स्कूल जाना पड़ेगा। अभिभावकों में इस बात को लेकर तमाम चर्चाएं चल रही है। अभिभावकों का कहना है कि तेज धूप में बच्चों को स्कूल भेजने से उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा।

### ग्रामीण क्षेत्र में बिजली पानी के हालात गंभीर -

जानकार बताते हैं कि गर्मी के कारण जहां ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता नहीं है तो वहीं बिजली की भी अघोषित कटौती चल रही है। बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध न होने से विद्यालय आने वाले बच्चों को मुसीबतों से जूझना पड़ेगा। चूंकि विद्यालय खुल रहे हैं इसलिए कई अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय भेजेंगे। हालांकि कई ऐसे भी अभिभावक है जो कि कड़ी धूप की वजह से अपने बच्चों को विद्यालय भेजने से परहेज करेंगे।

### कई जिला कलेक्टरों ने बदला विद्यालय का समय

मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्मी खजुराहो और नौगांव में दर्ज की जाती है। इन्हीं दोनों नगरों के बीच छतरपुर बसा है। जाहिर सी बात है छतरपुर का तापमान भी 40 से 45 डिग्री के बीच रहता है। बच्चों को भीषण गर्मी से जूझकर स्कूल जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। दतिया, जबलपुर सहित कई जिला कलेक्टरों ने विद्यालयों का समय सुबह 7 से निर्धारित किया है मगर छतरपुर का विद्यालय समय सुबह 10:30 बजे से रखा गया है। देखना यह है कि यहां के संजीदा कलेक्टर विद्यालय समय में कितना बदलाव करते हैं। विभिन्न संगठनों की मांग है कि विद्यालय का समय 30 जून तक सुबह 7:00 बजे से ही किया जाना चाहिए।

# मां-बेटी के लिए काल बनी आकाशीय बिजली, पति घायल

### दो अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसे, घायलों का इलाज जारी

छतरपुर।



जिले में शनिवार की शाम को हुई तेज बारिश के साथ गिरी आकाशीय बिजली ने दो परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया। गढ़ीमलहरा और राजनगर थाना क्षेत्रों में दो अलग-अलग जगहों पर बिजली गिरने से एक मां और उनकी बेटी की मौत हो गई, जबकि मृत महिला के पति सहित दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के खीरी गांव में शुक्रवार शाम करीब 5:30 बजे मानकुंवर कुशवाहा (28 वर्ष), उनकी बेटी करिश्मा (10 वर्ष) और पति मनप्यारे कुशवाहा (37 वर्ष) खेत में सफाई का काम कर रहे थे। अचानक तेज बारिश शुरू होने पर तीनों एक नीम के पेड़ के नीचे शरण लेने गए। तभी आकाशीय बिजली गिरने से मानकुंवर और करिश्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मनप्यारे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने तुरंत उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों का कहना है कि इस अप्रत्याशित हादसे ने परिवार को तोड़कर रख दिया है। इसी बीच, राजनगर थाना क्षेत्र के कांटी गांव में एक अन्य घटना में बेवी अनुरागी (30 वर्ष), पत्नी रामगोपाल अनुरागी निवासी ग्राम दिलनियां, पर भी आकाशीय बिजली गिरी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। जिले में गरज-चमक के साथ हुई इस बारिश ने कई इलाकों में दहशत फैला दी। जिला अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. रोशन दुबेदी ने बताया, आकाशीय बिजली गिरने के मामले में एक महिला और एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि दो घायल व्यक्तियों का इलाज चल रहा है। घायलों की स्थिति गंभीर है, और हम उनका समुचित उपचार कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मॉनसून के दौरान बिजली गिरने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, और लोगों को खुले मैदान या पेड़ के नीचे शरण लेने से बचना चाहिए।

# चार पहिया वाहन में लगी भीषण आग, धू-धू कर जली कार

छतरपुर। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पारा-तिलौंहा के पास एक चार पहिया वाहन में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे कार आग का गोला बनकर जलकर खाक हो गई। घटना का वीडियो राहगीरों ने बनाया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह नष्ट हो चुका था। चालक ने समय रहते कार से कूदकर अपनी जान बचाई।



देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के राहगीरों ने इस भयावह दृश्य का वीडियो बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में कार पूरी तरह जल गई। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड ने करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह राख हो चुकी थी। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# चैकिंग के दौरान पुलिस के हाथ लगा गांजा तस्कर



**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने महोबा रोड पर फॉरेस्ट कार्यालय के पास चेकिंग के दौरान एक आरोपी को 1 किलो 210 ग्राम अवैध गांजा के साथ पकड़ा। आरोपी की पहचान महबूब खान, पिता रसूल खान के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी ने बताया कि गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर महबूब खान की तलाशी ली गई, जिसमें उसके कब्जे से 1 किलो 210 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि गांजा कहां से लाया गया और इसे कहां सप्लाई किया जाना था।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर आज करेंगी सीएम हेल्प लाइन प्रकरणों की समीक्षा

**रीवा ।** कलेक्ट्रेट सभागार में 16 जून को आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगी। बैठक सुबह 11 बजे आरंभ होगी। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान वृक्षारोपण की तैयारी तथा खाद्यान्न वितरण की भी समीक्षा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

## किसानों को डीएपी के स्थान पर एनपीके के उपयोग की सलाह

**रीवा ।** जिले के कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं। जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती हैं। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलतापूर्वक कर सकते हैं। अतः एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है। उप संचालक ने कहा है कि फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग लाभदायक होता है। डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके का उपयोग अधिक लाभदायी है। इससे जमीन को सल्फर की प्राप्ति होती है। सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग खेत की तैयारी के समय किया जाता है। जिससे यह फसलों में अधिक कारगर रहता है। डीएपी में उपलब्ध 18 प्रतिशत नाइट्रोजन में से केवल 15 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा 46 प्रतिशत फास्फोरस में से 39 प्रतिशत फास्फोरस पानी में घुलकर मिट्टी को प्राप्त होता है। शेष फास्फोरस मिट्टी में जमा हो जाता है जिससे मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घटती है। उप संचालक ने बताया है कि आगामी फसल में शंकर धान एवं शंकर मक्का के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश एनपीके खाद का उपयोग अधिक लाभकारी होगा। दलहन एवं तिलहन फसलों में 80:40:30 एनपीके तथा सल्फर का उपयोग लाभदायी होगा। उप संचालक ने बताया है कि किसान नैनो तकनीक पर आधारित खाद का भी उपयोग कर सकते हैं। फसलों के लिए 20 प्रतिशत नाइट्रोजन से युक्त नैनो यूरिया तथा 8 प्रतिशत नाइट्रोजन एवं 16 प्रतिशत फास्फोरस से युक्त नैनो डीएपी उपलब्ध है। इनके निर्धारित मात्रा में उपयोग से फसलों को संतुलित मात्रा में पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। सामान्य तौर पर एक स्वस्थ पौधे में नाइट्रोजन की मात्रा 1.5 से 4 प्रतिशत तक होती है। फसलों की बढ़वार की स्थिति में इनमें नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का पत्तियों में छिड़काव करने से पौधों को कारगर तरीके से नाइट्रोजन और फास्फोरस की उपलब्धता हो जाती है। इनके उपयोग से पैदावार में वृद्धि होती है तथा मिट्टी के स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। नैनो यूरिया की 500 मिलीलीटर तथा नैनो डीएपी की 500 मिलीलीटर की बोतल जिस दाम में मिल रही है। वह खाद की आधी बोरी की कीमत के बराबर है। जबकि इसका असर एक बोरी खाद से भी अधिक है।

**एसपी ने कहा पीड़िता के बयान बदलने से उलझ रहा मामला, सियासी आरोपों से गरमाया माहौल**

# संजय गांधी अस्पताल में नाबालिग के साथ हुए घटनाक्रम में निष्पक्ष हुई कार्रवाई

रीवा। संजय गांधी अस्पताल परिसर में नाबालिग किशोरी के साथ कथित तौर पर हुई आपराधिक वारदात ने जिलेभर में सनसनी फैला दी है। घटना को लेकर जहां पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है, वहीं पीड़िता के बार-बार बदलते बयानों के चलते केस की दिशा बदलती दिख रही है। दूसरी ओर, राजनीतिक दलों ने इसे मुद्दा बनाकर प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि 8 और 9 जून की दरम्यानी रात को नाबालिग लड़की अपनी मां के इलाज के दौरान अस्पताल परिसर में मौजूद थी। इस बीच पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके साथ कुछ लोगों ने जबरदस्ती की।घटना के बाद पीड़िता अपने परिवार के साथ अपने रिश्तेदार के यहां चली गई थी।



मामले में पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर छेड़छाड़ का मामला पंजीबद्ध किया था, साथ ही वार्ड ब्वाय सहित दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने शनिवार को बताया कि नाबालिग लड़की का परिवार घटना के बाद शिकायत नहीं दर्ज करवाना चाह रहा था, पुलिस टीम ने काफी मशक्कत के बाद परिवार को खोजा जिसके बाद नाबालिग के बयान लिए गए। उसका मेडिकल और न्यायालय में बयान भी हुआ। बयान के आधार पर अमहिया थाना में छेड़छाड़ का मामला पंजीबद्ध किया गया था। बताया गया कि मेडिकल रिपोर्ट के बाद एफएसएल लैब में भी सेंपल भेजे गए है, जिसमे अगर रेप जैसी कुछ चीजे आई तो धारा बढ़ाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि न्यायालय में बयान के बाद नाबालिग लड़की ने मीडिया के सामने गैंग रेप की बात कही, वहीं न्यायालय में दिए गए बयान पर भी पुलिस का दबाव बताया जबकि न्यायालय में महिला न्यायाधीश के सामने पीड़िता ने अपने बयान दर्ज करवाए थे। बार-बार पीड़िता द्वारा बयान बदले जा रहे है, जिससे के श कमजोर हो रहा है। पुलिस अधीक्षक ने अपील की कि पुलिस हर हाल में पीड़िता के साथ है, साथ ही जो भी तथ्य सामने आएगे उस आधार पर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, लेकिन कुछ लोग उसकी निजिता का भी ध्यान नहीं दे रहे। बॉक्स पूरे मामले की निपक्ष जांच कराने हेतु कांग्रेस ने एसपी को सौंपा ज्ञापनइस मामले में कांग्रेस पार्टी ने तीखा रुख अपनाते हुए शनिवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार के दबाव में पुलिस घटना को हल्का दिखाने की कोशिश कर रही है। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़िता पर दबाव डालकर बयान बदले जा रहे हैं।कांग्रेसजनों ने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपते वक्त शहर अध्यक्ष लखनलाल खंडेवाल, सज्जन पटेल सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।बॉक्स आप के साथ मीडिया के सामने आई पीड़िताशनिवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा के साथ पीड़िता मीडिया के सामने आई और अपना पक्ष रखते हुए गंभीर आरोप लगाए। पीड़िता ने कहा कि एक आरोपी ने उसकी फोटो एडिट की और उसे ब्लैकमेल करते हुए अस्पताल के बाहर कमरे में बुलाया, जहां चार लोगों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उसने यह भी आरोप लगाया कि न्यायालय में बयान दिलवाने के दौरान उस पर दबाव बनाया गया कि छेड़छाड़ की बात ही कहे, अन्यथा केस कमजोर पड़ जाएगा। पीड़िता ने यह भी बताया कि उसे परिजनों से मिलने नहीं दिया गया और बयान लिखवाने के लिए अलग कमरे में रखा गया।

## जल संरक्षण के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान में किये जा रहे प्रयास



**रीवा ।** रीवा और मऊगंज जिले में वर्षा जल को संचित करने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है अभियान के तहत पुराने जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के साथ-साथ नई जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ-साथ वर्षाकाल में वृक्षारोपण की भी तैयारी की जा रही है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि पीएचई विभाग द्वारा नल जल योजनाओं को चालू करने तथा पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने सहयोगी के साथ ग्राम तिलखन ठाकुर टोला में नल जल योजना में सुधार कराके पानी की आपूर्ति शुरू करायी। जल गंगा संवर्धन अभियान में ग्राम अगडाल में नल जल योजना का कार्य पूरा करके पीएचई विभाग ने उसे संचालन के लिए ग्राम पंचायत को हस्तांरित किया। जल गंगा संवर्धन अभियान में जिले भर में बड़ी संख्या में खेत तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। जनपद पंचायत रीवा की ग्राम पंचायत धोपखरी में दो खेत तालाब बनाये जा रहे हैं। इनका तकनीकी अधिकारियों ने निरीक्षण कर सात दिन में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। गंगेव विकासखण्ड में ग्राम पंचायत पडुआ में दो खेत तालाब तथा लालगांव में तीन खेत तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्राची चौबे ने सहायक इंजी. तथा उप यंत्री के साथ खेत तालाब का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य सात दिवस में पूरा कराने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत लालगांव में सूर्यनारायण मिश्रा, सुनील प्रताप सिंह तथा कपिलेश मिश्रा द्वारा खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्र घूमा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वृक्षारोपण की तैयारी की जा रही है। औद्योगिक विकास निगम द्वारा वृक्षारोपण के लिए गढ़ढे तैयारी किये जा रहे हैं। इसके साथ-साथ अभियान में प्राचीन जल स्त्रोतों की सफाई तथा अमृत सरोबरों का निर्माण किया जा रहा है।

## स्कार्पियो से चल रही थी गांजा तस्करी, 120 किलो गांजा और 5 लाख रुपए नकद के साथ पकड़ाया गांजा तस्कर मनगवां पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा



**रीवा।** नशे के अवैध कारोबार पर नकेल कसने की मुहिम में एक बार फिर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिले के मनगवां थाना पुलिस ने एक कुख्यात गांजा तस्कर को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है, जिसके पास से 1 क्विंटल 20 किलो गांजा और 5 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। आरोपी टॉप मॉडल की स्कार्पियो कार में यह अवैध सामग्री लेकर उत्तर प्रदेश से रीवा की ओर तस्करी कर रहा था। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह और रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक गौरव सिंह राजपूत द्वारा संचालित मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई को लेकर सराहना हो रही है। बताया गया कि मनगवां एसडीओपी प्रतिभा शर्मा के निर्देशन और थाना प्रभारी वर्षा सोनकर के नेतृत्व में यह ऑपरेशन बीती रात अंजाम दिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जितेंद्र उर्फ भोले जायसवाल के रूप में हुई है, जो मूलतः मढ़ी जिला रीवा का निवासी है और वर्तमान में रतहरा में रह रहा था। पुलिस के मुताबिक भोले का संपर्क उत्तर प्रदेश के नशा माफियाओं के साथ-साथ रीवा संभाग के कई अवैध नशा व्यापारियों से भी है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी रीवा जिले के विभिन्न हिस्सों में फुटकर गांजा सप्लाई करता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर लिया है। आरोपी से पूछताछ जारी है और उसके नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों तक पहुंचने के लिए पुलिस उसकी निशानदेही पर कार्रवाई कर रही है।बॉक्स फिल्मी अंदाज़ में हुई गिरफ्तारीसूचना मिलने पर पुलिस ने हाई अलर्ट जारी करते हुए रात करीब 1 बजे संभावित मार्गों पर घेराबंदी की। स्कॉर्पियो वाहन जैसे ही मनगवां थाना क्षेत्र से गुज़रा, पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। परंतु वाहन में सवार तस्कर ने फिल्मी अंदाज़ में फरार होने की कोशिश की। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने पीछा कर वाहन को रोका और आरोपी को धर दबोचा।

## श्रमिक युवक ने निगला जहर, उपचार के दौरान हुई मौत



**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रमिक युवक द्वारा जहर निगलकर सुसाइड किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवक जहर निगलने के बाद परिजनों से जान बचाने की गुहार लगाता रहा लेकिन जहर का असर होने से उसकी हालत बिगड़ती गई और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हालांकि युवक किस बात से तनाव में था यह स्पष्ट नहीं हो सका है। बता दे शुक्रवार की शाम युवक को सड़क पर अचेत हालत में पड़ा देखा गया। जब लोगों को पता चला कि युवक ने जहर का सेवन किया है तो उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक कमलभान सिंह नाम का युवक बीटीएल फैक्ट्री में श्रमिक का काम करता था। मृतक के चाचा ने बताया कि कल शाम उन्हें सूचना मिली कि भतीजा सड़क पर अचेत हालात में पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचकर उन्होंने भतीजे को उठाया और ऑटो में बिठाकर अस्पताल ले गए। चाचा का कहना है कि भतीजे ने उसे रास्ते में बताया कि उसने जहर का सेवन कर लिया है और वह मानसिक रूप से परेशान है लेकिन परेशानी की क्या वजह है इस बात का खुलासा नहीं हुआ। फिलहाल उपचार के लिए अस्पताल ले गए युवक की देर रात उपचार के दौरान ही मौत हो गई है। फिलहाल अस्पताल चौकी पुलिस द्वारा दी गई सूचना के बाद चोरहटा थाने की पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव का पीएम कराया है और मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## पीने के पानी की स्थित शहर से लेकर गांव तक समीक्षा की जाएः किसान सुब्रत




**रीवा ।** भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष एव राष्ट्रीय किसान समन्वय समित के सदस्य किसान सुब्रत आयुक्त रीवा सभाग से मांग कि है कि रीवा सभाग के समस्त जिलो से पेय जल से सम्बन्धित विभाग, नगर निगम, नगर पालिका ग्राम पंचायत, जिला पचायत, सभी ब्लाको की एक समीक्षा बैठक कर जानकरी ले की पीने का पानी ,शहर ,गाव ,नगर पालिक एव नगर निगम के वार्डो मे गावो मे कहा तक पिछले बीस पच्चीस बरसो मे केन्द्र एव प्रदेश सरकार कि विभिन्न योजनाओ के अन्तर्गत कितनी धन राशि आयी क्या कार्य हुए है ? पीने का पानी योजना के अनुरूप पहुचा कि नही? गावो से लेकर शहर तक कितने पानी के टैकर उनकी स्थित की भी समीक्षा की जाय उनका उचित रखरखाव के लिए निर्देशित किया जाय । रीवा शहर से लेकर ग्राम पचायतो के गावो तक, शहर मे मीठा पानी की समय समय पर घोषणाएं ,गाव मे नल जल योजना की आश लगाये आम जन को पानी कब मिलेगा ? रीवा शहर मे अबिरल वहती बीहर फिर भी पानी सभी घरो तक नही पहुचा आखिर क्यो ? वास्तविक स्थिति क्या है मीठा पानी पीने का पानी कितने वार्डो मे सभी घरो मे नही पहुचा ,कितनी ग्राम पंचायतो मे नल जल योजनाओ का क्रियान्वयन किया गया ,कितनी अधूरी है कितनी चालू है ,कितनी किस कारण से चालू नही हो पायी है, सम्बन्धित विभागो के अधिकारियो से जानकारी ले पानी सभी घरो तक पहुचाने के लिए सख्त निर्देश जारी किया जाय,गर्मी का मौसम जारी कुछ दिनो बाद मानसून की तैयारी प इस भीषण गर्मी मे नल जल योजनाये सभी जगह चालू ना हो पाना दुर्भाग्य पूर्ण है ।

## वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह

**रीवा ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने वर्षा ऋतु में मुख्य रूप से दूषित जल के उपयोग से होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि जिले में प्री मानसून वर्षा शुरू हो गई है। शीघ्र ही वर्षाकाल शुरू हो जाएगा। वर्षाकाल में दूषित जल के सेवन से टाइफाइड, पीलिया, डायरिया, पेचिस एवं हैजा जैसी बीमारियां फैलती हैं। अतः भोजन बनाने एवं पेयजल के उपयोग में शुद्ध उबला हुआ जल का उपयोग करें। कुछ भी खाने के पहले व शौच के पश्चात साबुन से अवश्य हाथ धोयें। शुद्ध पेयजल की कमी के कारण देश में जलजनित रोगों से सबसे अधिक यानि लगभग 80 प्रतिशत मौतें होती हैं। पानी और अस्वच्छ आदतों से फैलने वाली बीमारियों में मोटे तौर पर दस्त, कृमि संक्रमण, त्वचा और आंखों के रोग, मच्छरों एवं मक्खियों से फैलने वाले रोग सम्मिलित हैं। बच्चों में दूषित पानी और खाद्य पदार्थों के कारण उल्टी-दस्त का प्रकोप अधिक गंभीर रूप धारण कर सकता है। सड़े-गले फल एवं खाद्य पदार्थो का उपयोग न करें। खुले में शौच न करें एवं शौचालय का उपयोग करें। घर के आसपास साफ-सफाई रखें, दस्त लग जाने पर ओ.आर.एस. एवं जिंक सल्फेट गोली का उपयोग चिकित्सक की सलाह अनुसार करें। खाने-पीने की वस्तुओं को ढंककर रखें, मक्खियों से बचाव करें। हरी सब्जी एवं फलों को साफ पानी से धोकर ही उपयोग करें। मानसून के दौरान बहुत से लोगों को आंखो के रोग हो जाते हैं। इस रोग को आई-फ्लू, कंजक्टिवाईटिस या आखें आना के रूप में जाना जाता है। इस रोग से बचाव के लिए बार-बार अपने हाथ एवं चेहरे को ठंडे पानी से धोयें, परिवार के सभी सदस्य अलग-अलग तौलिये एवं रूमाल का उपयोग करें, स्वच्छ पानी का उपयोग करें, बार-बार आंखों को हाथ न लगायें, धूप के चश्मे का प्रयोग करें, चिकित्सक को दिखायें। बरसात में मलेरिया और डेगू रोग भी फैलता है जिसमें मरीज को ठण्ड लगकर बुखार आता है। प्रायः खेत, तालाब, गड्ढे, खाई, घर के आसपास रखे हुए टूटे-फूटे डब्बे, पुराने टायर, पशु के पानी पीने का नाद इत्यादि में बरसात के दिनो में जल जमा हो जाता है। जिसमें मच्छर के लार्वा पैदा होते हैं जो बाद में मच्छर बनकर रोग फैलाते हैं। मलेरिया से बचाव हेतु घर के आसपास जल जमा न होने दें, रूके हुए पानी में मिट्टी का तेल या जला हुआ ऑईल डालें। कूलर, फूलदान, फ्रिज ट्रे आदि को सप्ताह में एक बार अवश्य साफ करें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। कीटनाशक का छिडकाव करवायें, मलेरिया रोग हो जाने पर खून की जांच अवश्य करायें एवं चिकित्सक की सलाह से पूर्ण उपचार लें।

## मऊगंज में डीआईजी तथा पुलिस अधीक्षक ने रात में किया थानों का निरीक्षण



मऊगंज

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मऊगंज जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों का रात में निरीक्षण कर रात्रिकालीन गस्त का जायजा लिया गया। डीआईजी राजेश सिंह चंदेल ने थाना मऊगंज तथा पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने हनुमना एवं शाहपुर थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रात्रिकालीन गस्त के संबंध में पुलिस अधिकारी को निर्देश दिये गये। डीआईजी ने थाना प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि रात्रिकालीन भ्रमण के दौरान सर्तकता से संदिग्ध स्थानों और वाहनों की जांच करें। असामाजिक तत्व, नशे का अवैध कारोबार करने वाले तथा अन्य आपराधियों पर कठोरता से कार्यवाही करें। निगरानी सुदा बदमाशों तथा आद्यतन आपराधियों पर कड़ी निगरानी रखें। डीआईजी ने डायल 100 के कर्मचारियों को भी क्षेत्र में भ्रमण के संबंध में निर्देश दिये। पुलिस के विभिन्न दलों द्वारा 14 जून की रात में गस्त के दौरान 24 फरार वारंटियों की गिरफ्तारी की गयी। निरीक्षण के समय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मऊगंज विक्रम सिंह परिहार डीआईजी के साथ रहे। भ्रमण के दौरान थाना नईगढ़ी और थाना लौर का भी निरीक्षण किया।

## हनुमना पुलिस ने 3 माह से फरार एन.डी.पी.एस.एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**मऊगंज।** थाना प्रभारी हनुमना निरी. अनिल काकडे ने अपनी पुलिस टीम के साथ 3 माह से एन.डी.पी.एस.एक्ट के फरार आरोपी को रीवा से गिरफ्तार न्यायालय मे पेश किया है।घटना के संबंध मे बताया गया कि दिनांक 22.03.2025 को मूखबिर कि सूचना पर थाना हनुमना पुलिस ने बिना नम्बर की क्रेटा कार से 1410 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप का परिवहन करते आरोपी दीपक पटेल पिता संतोष पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी खैरा कनकेसरा थाना लौर, सचिन पटेल पिता संतोष पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी खैरा कनकेसरा थाना लौर, स्वपनिल सिंह पटेल पिता सुरेन्द्र सिंह पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी ढनगन थाना लौर के कब्जे से उक्त नशीली कफ सिरप जप्त कर कब्जे पुलिस लिया जाकर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण में आरोपी अभय अग्निहोत्री घटना दिनांक से फरार चल रहा था जिसे मूखबिर की सूचना मिलने पर रीवा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जाकर पी. आर. पर लिया गया है।



## चैतन्य मातृत्व संस्था ने पन्द्रह वर्ष किए पूरे



**मऊगंज।** जिले में संचालित चैतन्य मातृत्व संस्थान का 15 वर्ष पूरा हुआ जिसके उपलक्ष्य मे वन्देमातरम भवन मे अपने वार्षिक चैतन्य गोष्ठी आयोजन किया गया इस अवसर पर संस्था के पन्द्रह वर्षों की उपलब्धियों और कमियों के संबंध मे विचार विमर्श किया गया और आने वाले समय मे नई पीढ़ी के भारत और मानव समाज के बच्चों के पर्यावरण मे समस्याओं और आवश्यकताओं के संबंध मे विचार और व्यवहार हेतु विमर्श हुआ वर्ष २०२५-२६ के नवीनतम सत्र के लिए चैतन्य प्रियंका को अध्यक्ष और उनके सहयोग के लिए चैतन्य रंजना को प्रबन्धन चैतन्य प्राची जनसंपर्क चैतन्य रिया अनुशासन चैतन्य वर्षा व्यवसायिक शिक्षण चैतन्य सुषमा खेलकूद चैतन्य अंजलि को पर्यावरण चैतन्य तपस्या को तकनीकी शिक्षण चैतन्य साक्षी चैतन्य रूचि को चैतन्य काजल को विभिन्न दायित्वों के साथ रखा गया है इन नव नियुक्त सदस्यों को वरिष्ठ सदस्यों द्वारा अपने विचारों से प्रेरित किया गया जिसमे चैतन्य रिंकू चैतन्य नेहा ज्योति चैतन्य रितू चैतन्य शशि चैतन्य इन्दू चैतन्य नीलम चैतन्य नम्रता चैतन्य दिव्या चैतन्य तारा चैतन्य कृतिका चैतन्य पुनीता चैतन्य अर्चना इत्यादि सदस्य प्रमुख रहे चैतन्य मऊगंज संस्था मूलतःशिक्षण कार्य को आधार बनाकर नियमित गोष्ठी क्षेत्रीय व भारत भ्रमण वृक्षारोपण योग व्यायाम खेलकूद रक्तदान अध्ययन और पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ मातृत्व वर्ग को मूल बनाकर सामाजिक और सांस्कृतिक विविध क्रियाकलापों मे सक्रिय रहा है इस वार्षिक संगोष्ठी मे चैतन्य रिया चैतन्य शैली चैतन्य एकता शिवानी पूनम आंचल पूनम अर्शिता अपूर्वा प्रांजल काजल ज्योति रीना आस्था राखी अंजलि खुशी मुस्कान मान्या पायल प्रिया शिवानी अवनी हेतल गुनगुन श्रेया ईशू कीर्ति इत्यादि सदस्यों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।